कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 26.01.2021

## गर्ल्स कॉलेज में
## गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया । प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहे तो यही सच्ची देशभक्ति होगी। इस अवसर पर संगीत की छात्राओं ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए।

इस अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं के साथ ही महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ऋतु दुबे ने किया।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG

प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls P.G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 15.08.2020

# गर्ल्स कॉलेज में
# स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहे तो यही सच्ची देशभक्ति होगी। इस अवसर पर संगीत की छात्राओं ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं के साथ ही एवं महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ऋतु दुबे ने किया।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG

प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.01.2021

## गर्ल्स कॉलेज में युवा दिवस

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में 12 फरवरी को युवा दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेडरिबन क्लब द्वारा विभिन्न आयोजन किए गए। महाविद्यालय परिसर में स्थित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी युवा पीढ़ी के आदर्श है। उनके जीवन से देशप्रेम, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का संदेश मिलता है।

रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। रेडरिबन क्लब की ओर से युवा दिवस पर ऑनलाईन स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. के.एल. राठी तथा बड़ी संख्या में प्राध्यापक, कर्मचारी, छात्राएँ उपस्थित थे।



Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College ★ DURG

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)
PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.03.2021

# गर्ल्स कॉलेज में
# महिला दिवस पर आयोजन

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में महिला दिवस पर विभिन्न आयोजन किए गए। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि सम्मान, समानता और सजगता के प्रति यह आयोजन समर्पित है। नारी सृजन का रूप हैं और संस्कारों की जननी भी है जिससे एक आदर्श समाज की रचना होती है। उन्होनें पाठ्यक्रम की शिक्षा के साथ ही अपनी छात्राओं को सजगता और निर्भयता का भी ज्ञान कराना आवश्यक है जिसे एक संकल्प के रूप में लें।

वूमेन सेल की संयोजक डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि पढ़ी–लिखी महिलाएँ तो अपने अधिकारों से परिचित हैं पर हमें उन महिलाओं तक जानकारियाँ पहुँचानी है जो इन अधिकारों से अनिभिज्ञ हैं।

डॉ. आरती गुप्ता एवं डॉ. अनिल जैन, डॉ. अल्पना त्रिपाठी ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ. सुनीता गुप्ता एवं शिशिर दर्शन बघेल ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किए।

आई.क्यू.ए.सी. की संयोजक डॉ. अमिता सहगल ने नारी का महत्व बतलाते हुए इस वर्ष के महिला दिवस की थीम की चर्चा की। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागढ़े ने रासेयो की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वास्थ्य एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारियाँ पहुँचाने के प्रयास पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेशमा लाकेश ने किया। अंत में डॉ. लता मेश्राम ने आभार प्रदर्शित किया।



(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ0ग0)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patanka
Girls P. G. College, Durg (C.G.,

Govt. Dr. W. W. Patankar Girls P.G. College DURG

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.06.2021

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

**ऑनलाईन अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवस मनाया गया**

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऑनलाईन योगाभ्यास कराया गया। प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि योग एक विज्ञान है। यह मनुष्य के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करता है। कोरोना के कारण लोगों में जो भय व्याप्त है उसे योगाभ्यास से निःसंदेह दूर कर सकते है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष इस दिवस को वर्चुअल तरीके से मनाया जा रहा है इसके माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ होता हैं

योग प्रशिक्षक श्रीमती सीमा लाम्बा जो कि भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा निवृत्त प्रशासनिक अधिकारी है, ने अधिक उम्र में की जा सकने वाली योगमुद्राओं की अभ्यास कराया। हड्डियों एवं श्वसन तंत्र को मजबूती प्रदान करने वाले ताड़ासन बताये। भष्त्रका प्राणायाम की विशेषताायें बतायी। विश्व योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित व्यायाम प्रशिक्षण कार्यशाला में अपनी भागीदारी दर्ज की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा ऑनलाईन योग क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था।

इस डिजिटल कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. के.एल. राठी, डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. ऋतु दुबे सहित महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित ।*

Govt. Dr. W. W. Patankar Girls P.G. College, DURG

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)


कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 21.03.2021

# विश्व वानिकी दिवस

महाविद्यालय के इको क्लब के द्वारा दिनांक 21 मार्च 2021 को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर **"हमारे वन: हमारा भविष्य"** थीम के ऊपर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे कुल **31 प्रतियोगियों** ने भाग लिया | इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में वनों के मूल्यों, महत्त्व और योगदान को पोस्टर के मध्यम से प्रस्तुत किया गया | प्रतियोगिता के निर्णायक द्वय श्री योगेन्द्र त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, चित्रकला विभाग एवं डॉ अलका दुग्गल सहा. प्राध्यापक, गृह विज्ञानं विभाग थे |

प्रतियोगिता में कु . **आर्या साहू (बी. एससी. III गणित)**, **कु. शीला जांगडे (बी. एससी. IIमाइक्रोबायोलाजी)** तथा **कु. कावेरी कुम्भकार एवं कु. सौम्या डडसेना (बी. एससी. IIIबायो)**, ने क्रमशः **प्रथम, द्वितिय एवं तृतीय** स्थान प्राप्त किये | **विशेष पुरस्कार** हेतु **कु. प्रिया चंद्राकर (बी. एससी. IIIबायो)** का चयन किया गया | प्रतियोगिता का आयोजन डॉ उषा चंदेल, विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र एवं को-आर्डिनेटर, इको क्लब के निर्देशन में किया गया |




(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patanka
Girls P. G. College, Durg (C.G

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 22.03.2021

# विश्व पृथ्वी दिवस

महाविद्यालय के इको क्लब के द्वारा दिनांक 22 मार्च 2021 को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में जागरूकता लाने हेतु निबंध तथा स्लोगन ( हिन्दी एवं अंग्रेजी) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | कोविड नियमों का ध्यान रखते हुए प्रतियोगिता की सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन सम्पादित किया गया | प्रतियोगिता का थीम था "Together We Can Restore Earth" उक्त प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी संकायों के छात्राओ के आलावा अन्य महाविद्यालयके छात्राओ की भी भागीदारी रही | प्रतियोगिता मे कुल 52 प्रतियोगियों ने अपनीनिबंध तथा स्लोगन की प्रविष्टियाँ पी डी एफ फॉर्मेट में ऑनलाइन भेजकर भाग लिया | प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमती डॉ यशेश्वरी ध्रुव (विभागाध्यक्ष, हिन्दी), डॉ सुषमा यादव (विभागाध्यक्ष, विभाग भूगोल) तथा डॉ मीनाक्षी अग्रवाल (गृह विज्ञानं विभाग) थे|

**प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहे :**

| | | |
|---|---|---|
| **हिन्दी निबंध -** | **प्रथम :** | **कु.माया सोनी (बी. एससी. IIIमाइक्रोबायोलाजी)** |
| | **द्वितीय:** | **कु. निकिता साहू ( बी. कॉम II)** |
| | **तृतीय :** | **कु. प्रियंका चिमुरकर (एम् ए इकोनोमिक्स सेमेस्टरा)** |
| **अंग्रेजी निबंध -** | **प्रथम :** | **कु.रेखाकुजुर(एम. एससी IIIवनस्पति शास्त्र)** |
| | **द्वितीय:** | **कु.पलक तिवारी (बी. एससी.Iमाइक्रोबायोलाजी- स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय, भिलाई)** |
| | | **कु. विशु आडिल (एम. एससी I वनस्पति शास्त्र)** |
| | **तृतीय :** | **कु. आस्था पांडे(बी. एससी. IIबायोलाजी)** |
| **स्लोगन -** | **प्रथम :** | **कु.नीलिमा सिरमौर(बी. एससी. IIIबायोलाजी)** |
| | **द्वितीय:** | **कु.खुशबू कश्यप(बी. एससी. Iबायोलाजी)** |
| | | **कु. भारती कालसा (बी. एससी. IIIबायोलाजी)** |
| | **तृतीय :** | **कु. निशा नेताम(एम. एससी III वनस्पति शास्त्र)** |
| | | **कु. कावेरी कुम्भकार (बी. एससी. IIIबायोलाजी)** |

प्रतियोगिता का आयोजन डॉ उषा चंदेल, विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र एवं को-आर्डिनेटर, इको क्लब के निर्देशन में किया गया |

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patanka
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG Govt.

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.04.2021

# गर्ल्स कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर भूतपूर्व और वर्तमान छात्राओं का सम्मिलन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के नृत्य विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर भूतपूर्व और वर्तमान में नृत्य विषय अध्ययनरत छात्राओं का सम्मिलन समारोह ऑनलाईन आयोजित किया गया। देश के अलग–अलग हिस्सों में निवासरत छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी भगीदारी की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर आशीर्वचन देते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय के लिये यह अत्यंत गौरव की बात है कि इस अंचल में केवल यहीं नृत्य स्नातक स्तर पर विषय के रूप में पढ़ाया जाता है और छात्राओं में इसे सीखने की अत्यधिक रूचि भी है।

विभाग की पूर्व छात्रायें अपने–अपने स्थानों पर अपना नृत्य का हुनर बनाये और रूचि बचाये हुये हैं यहीं सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस विषय में स्नातकोत्तर कक्षायें भी आरंभ करने हेतु शासन स्तर पर पहल की जायेगी।

कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम छात्राओं ने भूमिवंदना की जो कि अद्भुत संगत को परिभाषित कर रहा था। इसके पश्चात् सर्वप्रथम बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. दीपिका साहू ने जीवन और नृत्य को जोड़ते हुए कविता पाठ किया। बी.ए. प्रथम की कु. शेफाली सेन ने विश्व नृत्य दिवस की अवधारणा को बताते हुए नृत्य को आत्मा से जोड़ने वाली कहा।

महाविद्यालय की पूर्व छात्रा निकिता पाण्डेय ने कहा कि यहाँ से निकलने के बाद वे छोटे–छोटे बच्चों को शास्त्रीय नृत्य सिखाने की कोशिश कर रहीं है। विभा कसेर ने कहा कि– भरत नाट्यम सीखने से स्वयं में अनुशासन की अनुभूति हुई हैं।

बी.ए. अंतिम की छात्रा रिया टेम्बुरकर ने बताया कि – शास्त्रीय नृत्य सीखने से उन्हें अन्य नृत्य को समझना आसान हुआ और वे कोरियोग्राफी के क्षेत्र में जाना पसंद करेगी। वहीं जम्मू में छोटे–छोटे बच्चों को शास्त्रीय नृत्य भरत नाट्यम का प्रशिक्षण देने वाली कीर्ति कश्यप ने कहा कि इस महाविद्यालय में प्राथमिक तौर पर भरत नाट्यम सीखना उनके जीवन का सबसे अच्छा अनुभव रहा। वे अपने बच्चों को भी यह नृत्य सिखा रही हैं।

बी.ए. द्वितीय वर्ष की शारदा एवं काजल ने बताया कि वे इस महामारी के बचाव के संदेश पर छोटा सा नृत्य तैयार कर रही है जिसे शीघ्र ही वेबसाईट पर हम देख सकेंगे।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि स्नातक स्तर पर हर तरह की छात्रायें प्रवेश लेती हैं। कुछ में शीघ्र सीख लेने की प्रतिभा होती है कुछ को समय लगता है किन्तु दोनों ही तरह की छात्रायें यहाँ के अनुभव को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करती हैं और महाविद्यालय से जाने के बाद भी विभाग से जुड़ाव महसूस करती है।

इतिहास विषय की सहायक प्राध्यापक शबीना बेगम ने आभार व्यक्त किया और साथ ही अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे स्कूली जीवन में नृत्य पसंद करती थीं लेकिन महाविद्यालय में नृत्य लेने के बाद उन्हें अनेक स्थानों में प्रदर्शन करने का मौका मिला और इसमें उन्होनें विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व भी किया। इस डिजिटल कार्यक्रम में नृत्य विषय की अनेक छात्रायें उपस्थित थी।

Govt. Dr. W. W. Patankar Girls P.G. College DURG

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar Girls P.G. College, Durg (C.G.)









Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College ★ DURG

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.06.2021

## // प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

स्वास्थ्य जीवन के लिये पर्यावरण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, यह बात हर मनुष्य को समझनी और माननीय चाहिये इसी सोचपूर्ण संकल्प मनः स्थिति के साथ शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि वर्ष 2021 में विश्व पर्यावरण दिवस का विषय "जैव विविधता पर आधारित है। महामारी कोविड ने पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान के विनाशकारी परिणामों की पुष्टि की है।
रासेयो की छात्राओं ने इस विषम परिस्थिति में महाविद्यालय आकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया है वह प्रशंसनीय है।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि छात्राओं स्वस्थ पर्यावरण बनाये रखने के लिये अपने द्वारा लगाये गये पौधों का स्वयं जतन करने का संकल्प लिया है। जेण्डर चैम्पियन, कैम्पस अम्बेसडर प्रज्ञा मिश्रा ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण ही स्व्च्छ जीवन का आधार है। हम युवा स्वयं जागरूक होंगे तो समाज को जागरूक कर सकेंगे।
प्राचार्य महोदय, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अमिता सहगल सहित प्राध्यापकों ने पौधारोपण किया है।
इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी डॉ. ऊषा चंदेल, एक्वा क्लब प्रभारी डॉ. सुनीता गुप्ता, रेडक्रॉस संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश, छात्रसंघ प्रभारी डॉ. ऋचा ठाकुर सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित थे।

रासेयो छात्राओं में शालिनी, पूर्णिमा, सावित्री, अंशु, नम्रता ने प्रमुख भूमिका निभाई। आभार प्रदर्शन डॉ. सुचित्रा खोब्रागढ़े ने व्यक्त किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित ।*

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
PRINCIPAL
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)





PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patanka
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

26/11/2020

(7)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

क्र0 आर. 590 / 2020 दुर्ग, दिनांक : 03.12.2020

प्रति,

समन्वयक,
राष्ट्रीय सेवा योजना,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय,
दुर्ग (छ.ग.)

विषय :– संविधान दिवस की रिपोर्ट।

---00---

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि महाविद्यालय में संविधान दिवस 26 नवंबर 2020 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग

Govt. Dr. W. W. Patankar Girls P.G. College DURG

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patanka
Girls P. G. College, Durg (C.G.

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# "संविधान दिवस" की रिपोर्ट

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में "संविधान दिवस" मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस 26 नवंबर के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की उद्देशिका का पठन किया तथा भारतीय संविधान के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए भारतीय संविधान पर ऑनलाईन क्वीज स्पर्धा एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

"संविधान दिवस" पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपने विचार रखे।

डॉ. सुचित्रा खोब्रागढ़े ने कहा कि भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को पूरे देश में लागू किया गया था। इसलिए इस दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। संविधान को सर्वोच्च दस्तावेज की उपाधि प्राप्त है। देश का शासन कैसे चलाना है, उस बारे में संविधान में पूरे विस्तार से लिखा है। इसमें देश के नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्यों को बताया गया है।


डॉ. ऋचा ठाकुर विभागाध्यक्ष, नृत्य ने कहा कि "संविधान का अर्थ होता है, कानून द्वारा बनाये गये नियम और सिद्धांत। इनका नियमतः पालन करना होता है। हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा और विस्तृत संविधान है।

डॉ. मोनिया राकेश ने इस अवसर पर कहा कि संविधान से ही भारत के लोकतंत्र की बागडोर संभाली जाती है। इससे पता चलता है कि हमारा देश राज्यों का संघ है। इसमें हमारी संसदीय कार्य–प्रणाली चलती है। अर्थात् संसद की सर्वोच्चता है। संसद ही सबसे श्रेष्ठ और प्रमुख है।

संविधान दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। निबंध एवं क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। "महिला उत्थान में डॉ. अम्बेडकर का योगदान विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कु. चांदनी चंद्राकर–प्रथम, कु. प्रज्ञा मिश्रा–द्वितीय एवं कु. बबली यादव–तृतीय, कु. अंजु गायकवाड़ और जागृति साहू को सान्तवना पुरस्कार दिया गया।

भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर एवं भारतीय संविधान से संबंधित क्वीज स्पर्धा में 129 छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय की आरे से छात्राओं को ई–प्रमाण प्रदान किया जायेगा।

# "संविधान दिवस" की रिपोर्ट





(डॉ० सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patanka
Girls P. G. College, Durg (C.G

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College ★ DURG

Date- 29.03.2021

# HOLI MILAN

## LETS CELEBRATE VIRTUAL HOLI




Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 22.09.2020

## प्रेस विज्ञप्ति
## गर्ल्स कॉलेज में
# राष्ट्रीय पोषण माह में प्रतियोगिताएँ आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग द्वारा सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया गया। वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी प्रतियोगितायें डिजिटल ऑनलाईन रखी गई। राष्ट्रीय पोषण माह 2020 मुख्य रूप से "गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान" एवं "पोषण के लिये पौधे" अभियान पर केंद्रित रखा गया है। गृहविज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने बताया कि महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग द्वारा इन विषयों को केन्द्र में रखकर – गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान पर पोस्टर प्रतियोगिता रखी गई जिसे फोटो के माध्यम से भेजा गया। वहीं पोषण के लिए पौधे विषय पर अपने घर पर पोषक तत्व से भरपूर सब्जी या फल का पौधा लगाते हुए उसे वीडियो के माध्यम से संप्रेषित किया जाना था।

अंतर्महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता हेतु छात्राओं में बहुत उत्साह दिखाई पड़ा और लगभग 60 छात्र–छात्राओं ने इसमें भाग लिया।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम कु. यामिनी साहू (बी.एससी. गृहविज्ञान भाग–1) शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग, द्वितीय – श्री वेदप्रकाश (बी.एससी. बायो भाग–1) शासकीय महाविद्यालय बेलौदी एवं कु. पूर्णिमा (बी.एससी. बायो–2) तृतीय मेनका साहू (बी.एससी.भाग–2) शास. डॉ. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग रहीं। वहीं कु. धनेश्वरी (बी.एससी. गृहविज्ञान–2) कन्या महाविद्यालय दुर्ग को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

पोषक पौधारोपण वीडियो प्रतियोगिता में (एम.एससी गृहविज्ञान–2 सेमे.) की छात्रा कु. प्रतीक्षा तुवानी (कन्या महाविद्यालय, दुर्ग) एवं तनु जाल (एम.एससी गृहविज्ञान–2 सेमे.) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रही (एम.एससी गृहविज्ञान–4 सेमे.) की छात्रा कु. अनिंदिता बिश्वास। तृतीय स्थान पर दो छात्रायें भारती बघेल (बी.एससी गृहविज्ञान–2) एवं सीमा यादव (बी.एससी गृहविज्ञान–2) कन्या महाविद्यालय दुर्ग रहीं। वहीं कु. तेजस्विनी एम.–2 सेम. गृहविज्ञान और ज्योति यादव (बी.एससी. गृहविज्ञान भाग–2) को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि मानव शरीर को स्वस्थ बनाये रखने में पोषक तत्व अति महत्वपूर्ण है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र–छात्राओं में भी जागरूकता आयेगी। मुझे बेहद खुशी है कि इस गंभीर परिस्थिति के समय भी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इसमें हिस्सा लिया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG Govt.

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
PRINCIPAL
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)
Govt. Dr. W. W. Patan.
Girls P. G. College, Durg (C.G

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

गर्ल्स कॉलेज में

## राष्ट्रीय पोषण माह में प्रतियोगिताएँ आयोजित







DURG
Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College

S. L

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patank..
Girls P. G. College, Durg (C.G.)